The Morning News

इबिक्स की 'ऑस्क ए डॉक्टर' टेलीमेडिसिन सेवा अब प्रदेशभर में

जयपुर (मोन्यू)। राजस्थान के प्रत्येक गांव के लोग अब विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाएं तुरंत पा सकते हैं। उन्हें कई मीलों तक सफर करके डॉक्टर से मिलने नहीं जाना पड़ेगा। अब उन्हें ये डाउनलोड सुविधा चौबीस घंटे और सातों दिन किसी भी समय मिल सकती है।

राजस्थान में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए एक नई व अनूठी शुरूआत की गई जिसमें इबिक्स ने अपनी सफल टेलीमेडिसिन सेवा 'ऑस्क ए डॉक्टर' को पूरे राजस्थान भर में 33000 कियोस्क के जरिए आगे बढ़ाया है।

इबिक्स इंक बीमा, वित्तीय और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में मांग के अनुसार सॉफ्टवेयर और ई कॉमर्स सेवाएं प्रदान करने वाली जानी मानी अंतरराष्ट्रीय कंपनी है जिसने ये पहल की है। इसमें लोग किसी भी समय और किसी भी दिन राज्यभर में आम बोली जाने वाली भाषा हिंदी में विशेषज्ञों से सेहत से जुड़ी सलाह ले सकते हैं।

'ऑस्क ए डॉक्टर' के माध्यम से लोग दिन में सेहत से जुड़े परामर्श ऑनलाइन, ईमेल और फोन के जरिए विशेषज्ञों से ले सकते हैं।